Long-Term Care Home Update

Community Newsletter

Lakeridge Health

फरवरी 2022

पेश है दीर्घ-कालिक होम का नाम

Ajax Pickering Hospital के बगल में बने दीर्घ-कालिक देखभाल होम का नाम 'Lakeridge Gardens' घोषित करते हुए Lakeridge Health बेहद उत्साहित है।

पिछले साल, Lakeridge Health ने Durham Region के निवासियों से इस नए, अत्याधुनिक दीर्घ-कालिक देखभाल होम का प्रतिनिधित्व करने वाले एक नाम के लिए उनके सुझाव और विचार मांगे थे। पूरे Durham Region भर से 600 से ऊपर प्रतिक्रियाएं मिलीं और Lakeridge Health इस भारी समर्थन के लिए और नए होम में रुचि दिखाने के लिए सभी की सराहना करता है।

The Lakeridge Gardens नाम Durham Region की कई आवाजों का और उन सभी लोगों का जिन्होंने इस नामकरण प्रक्रिया में भाग लिया, उन सभी का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है। Lakeridge Gardens एक संपन्न क्षेत्र के परिदृश्य के साथ-साथ विकास का भी प्रतीक है। Lakeridge Health के लिए एक संगठन के रूप में और इस दीर्घ-कालिक सुविधा को अपना घर कहने वाले निवासियों और उनके परिवारों के लिए *विकास*।

मुख्य मंत्री Ford ने Lakeridge Gardens का दौरा किया

मंगलवाल, 1 फरवरी को, Ontario के मुख्य मंत्री, Doug Ford, मंत्रियों Paul Calandra, Christine Elliott, Kinga Surma, और Peter Bethlenfalvy, के साथ नए होम के आगामी उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए Lakeridge Gardens आए।

2020 में घोषित, Lakeridge Gardens पहला दीर्घ-कालिक देखभाल होम है जो Ontario के Accelerated Build Pilot Program के तहत बन रहा है। यह तथ्य कि होम निश्चित समय पर बन कर तैयार हो जाएगा Lakeridge Health, Infrastructure Ontario, और PCL Construction के बीच साझेदारी का सच्चा सबूत है।

होम के बारे में बोलते हुए, Premier Ford ने कहा, *"हमारी सरकार के Accelerated Build Pilot program के अंतर्गत केवल 13 महीन में Ajax Pickering Hospital में बने नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम को देख कर मुझे बहुत गर्व हो रहा है। हमने अपने सबसे अधिक संवेदनशील लोगों के लिए और अधिक दीर्घ-कालिक बेड्स की माँग सुनी और Team Ontario उस वचन को पूरा कर रहा है।"*

1 फरवरी, 2022, को मुख्य मंत्री Ford ने Lakeridge Gardens के बाहर मीडिया से बात की (Source: Twitter @fordnation)

न्यासी बोर्ड की अध्यक्ष ***Sharon Cochran*** ने मीडिया कार्यक्रम के दौरान मेहमानों का स्वागत किया

Lakeridge Gardens में स्टाफिंग

अधिकतर निर्माण पूरा होने के बाद अब ध्यान देखभाल की योजना बनाने और संचालन को अंतिम रूप देने पर दिया जा रहा है। पूरी तरह से चालू हो जाने के बाद Lakeridge Gardens में 504 समर्पित स्वास्थ्य-देखभाल कर्ता और प्रशासन स्टाफ काम करेगा।

Lakeridge Health निवासियों की उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल करने के लिए समर्पित कर्मचारी दल जुटाने में बहुत मेहनत कर रहा है। अभी तक, Lakeridge Health ने **164** व्यक्तिगत सहयोग कर्मचारी, **47** पंजीकृत व्यावहारिक नर्सें, और **29** पंजीकृत नर्सों को काम पर रखा है।

Lakeridge Gardens के अंदर की एक छोटी सी झलक

परिवारों के लिए इकट्ठा होने और अपने प्रियजनों से मिलने आने के लिए एक स्थान

*Lakeridge Gardens में जगह-जगह पर स्थित **20** बैठक (लिविंग) क्षेत्रों में से एक*

एक निवासी कक्ष, एक उपचारात्मक गद्दे, व्यक्तिगत या अर्द्ध-व्यक्तिगत बाथरूम और ए बड़ी खिड़की के साथ पूरा बना हुआ

संलग्न टेरेसों के अलावा, निवासियों की मंज़िलों पर बड़ी-बड़ी बालकनी भी बनी हुई हैं जिस से वे धूप का आनंद ले सकें

सुनिश्चित करें कि आप हमसे जुड़े रहें

बहुत जल्द ही Lakeridge Gardens का उद्घाटन होने के कारण आने वाले महीनों में बहुत सी गतिविधियां होंगी। यह बहुत जरूरी है कि आप हमारे संपर्क में बने रहें।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या Lakeridge Gardens में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो कृपया **905-576-8711 एक्सटेंशन 34167** पर कॉल करें या आप **AjaxLTC@lh.ca** पर मेल भी कर सकते हैं। आप जारी ताज़ा जानकारी के लिए कभी भी हमारी वेबसाईट **www.lh.ca** पर जा सकते हैं।